Bhartiyam International School

Periodic Assessment – 1 (2022-23)
Subject:Hindi (Set-2)
Class:V

Date: 11/06/2022 **Max. Mark: 20**
Name: ________________ **Roll No: _______** **Duration: 1 hr**

निर्देश- 1. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं |
2. कार्य सुलेख के साथ करें |
3. प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार दें |

खंड-क (पठन पाठन)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें- **(4)**

उछलते -कूदते हुए हँसमुख बच्चों को जिसने देखा है, उसे पता है कि खेल क्या वस्तु है। गेंद-बल्ला, हॉकी, फुटबॉल, टेनिस,तैरना, दौड़ना, आँख-मिचौनी, वृक्षों पर चढ़ना, गुल्ली-डंडा आदि प्रकार के खेल हैं। खेलों से व्यायाम और मनोरंजन दोनों साथ-साथ होते हैं। जिसका मन कहीं पर भी नहीं लगता, उसका मन खेलों में पूरी तरह लग जाता है। खेलने वाला व्यक्ति जितनी देर खेलता है उतनी देर के लिए वह संसार के सारे झंझटों को भूल जाता है, वह निश्चिन्त हो जाता है। उसका मन सदा प्रसन्न रहने लगता है। उसमें फुर्ती आ जाती है। इसलिए सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को विशेष प्राथमिकता दी जाती है। कई अच्छे खिलाड़ी तो केवल खिलाड़ी होने के नाते ही नौकरियाँ पा जाते हैं। कई विद्यार्थी खेल को पढ़ाई में बाधक समझते हैं। परंतु यह उनकी भूल है। सदा खेलों में ही व्यस्त रहना अच्छा नहीं पर शरीर में स्फूर्ति उत्पन्न करने के लिए तथा मस्तिष्क को ताज़ा करने के लिए नियमपूर्वक थोड़ा-सा खेलना बहुत अच्छा होता है।

क) खेलने वाला व्यक्ति कैसे निश्चिन्त हो जाता है?
ख) खेल खेलने से कौन से दो काम एक साथ हो जाते हैं ?
ग) खिलाड़ियों को विशेष प्राथमिकता कहाँ दी जाती है?
घ) खेल खेलना क्यों अच्छा होता है?

खंड-ख (व्याकरण)

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्टकों में दी गई धातुओं के उचित रूप से कीजिये- **(0.5×2=1)**

(क) अध्यापिका ने बच्चों को __________| (पढ़)
(ख) हलवाई मिठाई __________रहा है | (बन)

3. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के काल बताइए- **(0.5×2=1)**

(क) तुम कब आओगे ?
(ख) मैं आज स्कूल नहीं गया ?

4. दिए गए संयुक्त एवं द्वित्व व्यंजनों से एक-एक शब्द लिखिए- **(0.5×2=1)**

(क) क्य (ख) स्स

5. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए- **(0.5×2=1)**

(क) पशु चराने वाला (ख) नानी-नाना का घर

खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें– **(0.5×4=2)**

(क) अनहद-स्वरा सच्चे-सच्चे शब्दों में अपनी माँ के _________बन गए |

(ख) अपना काम __________करने में कोई बुराई नहीं है |

(ग) हमें सबसे पहले __________खाना चाहिए |

(घ) _________सबसे बाद में खाना चाहिए |

7. एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिये- **(0.5×4=2)**

(क) रसना की क्या-क्या विशेषताएँ होनी चाहिए ?

(ख) रसना किसमे कर्मरत रहती है ?

(ग) स्वरा को माँ से क्या मिला ?

(घ) डॉक्टर ने माँ को क्या सलाह दी ?

8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनके वाक्य प्रयोग कीजिये- **(1×2=2)**

(क) व्याधिमुक्त (ख) भरसक

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1×2=2)**

(क) शरीर व्याधिमुक्त कब और कैसे होगा ?

(ख) माँ की बीमारी का घर पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(ग) पाठ के पहले गद्यांश में स्वरा का कौन सा कार्य आपको प्रेरित करता है ?

खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

10. स्थानांतरण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए | **(4)**